# पत्रकारिता के छात्रों ने "चलें गांव की ओर"
# शोध-अध्ययन के तहत बेउता ग्राम पंचायत का किया भ्रमण

**कोलकाता**

महात्मा गाँधी अंतरराष्टीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता में अध्ययनरत एम.ए. जनसंचार (चतुर्थ छमाही) के विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न पत्र "चलें गाँव की ओर" के तहत शोध-अध्ययन के




लिए भांगर ब्लॉक स्थित बेउता ग्राम पंचायत में दादूपाड़ा टोले का भ्रमण किया। केंद्र के अध्यापक डॉ. ललित कुमार के मार्गदर्शन में सम्पन्न इस फील्ड वर्क टीम में सुशील कुमार, श्वेता तिवारी, आलोक मिश्रा



और नूपुर तिवारी शामिल हुए। केंद्र की कर्मी श्रीमती रीता बैद्य ने भी इसमें सहयोग किया। इस शोध अध्ययन के लिए उद्देश्यात्मक और रैंडम सैंपलिंग शोध पद्धति का सहारा लिया गया। कोलकाता से मात्र

पंद्रह किलोमीटरकी दूरी पर स्थित दादूपाड़ा एक बेहद पिछड़ा ग्रामीण क्षेत्र है। इस शोध अध्ययन के अंतर्गत आम जन की मूलभूत समस्याएँ जैसे बिजली, सड़क,स्वास्थ्य, पानी,शिक्षा और पर्यावरण जैसे मुद्दों को



शामिल किया गया। इन्हीं मुद्दों को आधार बनाकर ग्रामवासियों से बातचीत द्वारा आंकड़े एवं जानकारियाँ इकट्ठी की गईं कि सरकार की तमाम योजनाओं को कितना लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में मिल पाया है। इस



सिलसिले में विद्यार्थियों ने वहाँ के ग्राम प्रधान अब्बू सूफियन तरपदार एवं ब्लॉक विकास अधिकारी कौशिक कुमार मैती से भी बातचीत की। केंद्र के प्रभारी डॉ. सुनील कुमार 'सुमन' ने बताया कि इस प्रश्न पत्र का उद्धेश्य विद्यार्थियों में गांवों की वास्तविक स्थितियों के प्रति जानकार एवं संवेदनशील बनाना है।इसके



बाद ये विद्यार्थी अपनी विस्तृत शोध रिपोर्ट की प्रस्तुति केंद्र में देंगे।



